तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 24 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 किसानों, ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को गाजरघास के …







9 भोजली को माता का स्वरुप मानकर…




## खबर संक्षेप

### वेतनमानों में सुधार और पदनाम परिवर्तन को लेकर दिया ज्ञापन



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य लिपिक वर्गीय कर्मचारियों ने वेतनमानों में सुधार व पदनाम परिवर्तन किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर हरि श्रीवास्तव, प्रवीण सिंह राजपुत, लाला सिंग ठाकुर, प्रमोद ख़ापरे, भारती बासेरिया ,पूर्णिमा महिलकर, अंतिमा यादव एवं अन्य लिपिक उपस्थित रहे । इस दौरान संघ के अध्यक्ष ने बताया कि वित्त मंत्री के नाम से छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा विभागीय परीक्षा लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए तत्काल आयोजन करने संबंधित पत्र भी सौंपा गया।

### चंद्रयान प्रक्षेपण राकेट मॉडल का बच्चों को दिया गया तकनीकी ज्ञान



**बेमेतरा।** प्राथमिक शाला ढोलिया में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन के परिप्रेक्ष्य में संस्था की शिक्षिकाओं ने विद्यालय के बच्चों को विगत वर्ष इसरो के द्वारा चंद्रमा में प्रक्षेपित किए गए चंद्रयान के विषय मे जानकारी प्रदान की। बच्चों को गीत, कविता,मॉडल और प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बहुत ही रोचक तथ्यों से परिचित कराया। प्रक्षेपण में प्रयुक्त राकेट के माडल के द्वारा बच्चों को तकनीकी ज्ञान भी दिया। बच्चों ने अत्यंत उत्सुकता से भारत के अंतरिक्ष अभियान को जाना और बहुत प्रसन्न हुए। इस अवसर पर संस्था की शिक्षिकाएं अर्चना झा,काजल दुबे,सुकन्या राजपूत और हेमलता साहू, विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बीएसपी का खेल प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा 24 अगस्त को भिलाई निवास में संचालित शालाओं के विजेता एवं पदक प्राप्त खिलाड़ी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार होंगे। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता करेंगे। समारोह में ओपन राष्ट्रीय पदक विजेता, राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागी खिलाड़ी और राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों सहित कुल 67 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। वर्षभर आयोजित होने वाले विभिन्न खेलों के लिए खिलाड़ियों का चुनाव, प्रशिक्षण तथा प्रतिभागिता सुनिश्चित करने हेतु 08 क्रीड़ा समन्वयकों का भी इस अवसर पर सम्मान किया जाएगा।

### पीएम आवास के लिए 30 अगस्त तक आवेदन

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भिलाई निगम आवेदन मंगवाए है। आवेदन के लिए हितग्राही को आधार कार्ड की छायाप्रति एवं सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर तथा 100 रूपये का नगद भुगतान कर आवेदन 30 अगस्त से प्राप्त कर सकते है। पात्रता संबंधी दस्तावेज संलग्न कर कार्यालयीन अवधि में प्रतिदिन शाम 4 बजे तक आवेदन जमा लिया जायेगा। नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना कक्ष क्रमांक 16 योजना शाखा के कांउटर में 30 सितम्बर तक आवेदन जमा करना अनिवार्य है।

# निर्माण का जिम्मा उठाने वाला आरईएस विभाग का आफिस ही उधार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्रामीण यांत्रिक सेवा संभाग बेमेतरा सम्बद्ध नवागढ़ का आरईएस विभागीय ऑफिस जर्जर हालत में उधार के भवन से संचालित हो रहा है। वैसे तो इस आरईएस विभाग द्वारा पूरे क्षेत्र में निर्माण सम्बन्धित कार्य किया जाता है। वहीं उन्हीं के सब डिवीजन कार्यालय का कामचलाऊ एवं खस्ताहाल अवस्था में ही निरन्तर भवन का उपयोग होने से विभाग की जमकर फजीहत करा रहा है। जबकि देखा जाए तो इस ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा विगत वर्ष अरबों रुपये के विकास कार्य किये गए हैं जो अभी वर्तमान में भी इसके कार्य अधूरे कार्य निर्माणाधीन अवस्था में है। जबकि इनके नवागढ़ डिवीजन के अधिकारी अपने लिए नए विभागीय कार्यालय की मांग पूरा नहीं करा पा रहे है जिसके कारण नवागढ़ के जनपद पंचायत कार्यालय समीप ही जर्जर एवं खस्ता हालत में ही ऑफिस के कर्मचारी-अधिकारी काम करने को मज़बूर है। बताया जा रहा है कि यह भवन काफी पुराना है जिससे इस बिल्डिंग में कई जगहों पर दरारें नज़र आ रही है वही छज्जे से बरसात में सीपेज आना भी आम बात है जो बाद में पूरा दीवाल को भी चपेट में ले लेता है, किंतु समस्या के निपटान के लिए विभाग के जिम्मेदार अफसरों हरसाल कामचलाऊ मरम्मत कराकर अपनी औपचारिकता निभा रहे है जिससे इस जर्जर पुराने बिल्डिंग पर कभी भी हादसा होने की आशंका बनी हुई है, जिसको लेकर चिंतित ऑफिस के कर्मचारियों काफी भयभीत रहते है। जिस पर जिला प्रशासन को तत्काल संज्ञान में लेने की जरूरत है।

## जर्जर बिल्डिंग में ऑफिस संचालन से विभाग की जमकर फजीहत

### चिराग तले अंधेरा

नवागढ़ क्षेत्र के आम लोगों का कहना है कि जिस विभाग द्वारा ज़लिभर में स्कुलो की मरम्मत, जीर्णोद्धार एवं अतिरिक भवन निर्माण का कार्य कराया जाता है। वही उसी के आधिकारिक भवन का हाल बेहाल है, लिहाजा इसे दिया तले अंधेरा की संज्ञा देकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है जिसे लोग इसे प्रशासनिक सिस्टम की बड़ी खामी बताकर सवाल भी उठा रहे है।



### सीमित सुविधाओं के बीच कार्य

इस विषय पर बेमेतरा एवं नवागढ़ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग के प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी प्रेरणा सोनी से सम्पर्क किया गया किन्तु उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। वही इस मामले में नवागढ़ आरईएस के पूर्व एसडीओ गणेश मण्डारे से बात करने पर बताया कि आरईएस का ऑफिस बिल्डिंग फिलहाल जनपद के ही काफी पुराने अधिकृत अतिरिक्त भवन में चल रही थी, जो काफी जर्जर है। वही यहां कार्यालय में सीमित सुविधाओं के बीच कार्य करना पड़ता है।

**आयोजन:** कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विज्ञान शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

# शिक्षक ईमानदारीपूर्वक जिम्मेदारियों का निर्वहन करें प्रशिक्षण की 100 फीसदी जानकारी बच्चों तक पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विज्ञान शिक्षकों के लिए आयोजित है । प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में शुक्रवार जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकित गर्ग और जिले के जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे डाइट बेमेतरा में उपस्थित रहे।। सभी ने प्रतिभागियों के बीच अपने विचार रखे । जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी वस्तु या घटना का क्रमबद्ध अध्ययन ही विज्ञान कहलाता है।

- सीखने के प्रतिललक होने से मिलती है कामयाबी : कलेक्टर

किसी भी तथ्य को जांचना, परीक्षण करना, सिद्ध करना, तब मानना विज्ञान कहलाता है। जैसे कोई पत्थर नीचे गिर रहा है या पेड़ का फल नीचे गिर रहा हैं तो क्यों। क्या इसके पीछे गुरुत्वाकर्षण बल कार्य करता है। किसी भी तथ्य को सत्यापित करना, प्रूफ करना ही विज्ञान कहलाता है। यह एक ऐसा विषय है जो पूरी तरह प्रयोग पर आधारित होता है। आज शिक्षक तो बहुत है। आज हर बच्चा कहता है कि आगे चलकर वह शिक्षक बनना चाहता है। लेकिन आज अच्छे शिक्षकों की बहुत कमी है। यही कारण है कि हमारा रिजल्ट भी सही नहीं आ रहा है। लर्निंग आउट कम बहुत कम आ रहा है। लर्निंग आउट कम याने सीखने के प्रतिफल जब तक अधिक नहीं होगा हम सफल नहीं हो सकते। इसी लर्निंग आउट कम की कमी को दूर करना है आज हमारे सभी शिक्षक सही समय पर स्कूल जाए, सही समय पर कक्षा में जाएं, और पूरी तन्मयता और ईमानदारी के साथ अध्यापन कार्य कारण तो इस लर्निंग आउटकम की कमी को दूर किया जा सकता है। उन्होंने सभी प्रतिभागी शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करें। कक्षा में जाएं तो संबंधित विषय और टॉपिक की अच्छी तैयारी के साथ जाएं। अगर हम पूरी तैयारी के साथ नहीं जाएंगे तो हम बच्चों को कक्षा में अच्छे से नहीं बता पाएंगे। पूरी तैयारी, पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी कक्षा में जाना चाहिए। अगर हम ऐसा

▶▶| शेष पेज 08 पर



**ये रहे उपस्थित** इस तीन दिवसीय विज्ञान प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन के अवसर पर संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे, व्याख्याता उषा किरण पाण्डेय, अनिल कुमार सोनी, डॉ बसुबंधु दीवान, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, श्रद्धा तिवारी, यमुना जांगड़े, अमिंदर भारती, सरस्वती साहू सहित सभी अकादमिक एवं कार्यालयीन सदस्य उपस्थित थे।

### बच्चों को नियमित रूप से प्रायोगिक कार्य कराएं : डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने कहा कि यहां से जो कुछ भी आप अपने बच्चों के लिए सीखे है उसे 100 प्रतिशत होने बच्चों तक, कक्षा तक पहुंचाएं। बच्चों को नियमित रूप से प्रायोगिक कार्य कराएं। तभी इस प्रशिक्षण की सार्थकता है। तीन दिवसीय विज्ञान प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में मंजू साहू शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका तथा केजहा राम निषाद व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल करंजिया नवागाँव तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से अंजली सिंह इस प्रशिक्षण के लिए डीआरजी मास्टर ट्रेनर्स की की भूमिका निभा रहे हैं। जबकि इस प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डाइट की व्याख्याता कीर्ति घृतलहरे है। जो विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रायोगिक कार्य के माध्यम से विज्ञान प्रशिक्षण प्रदान कर रहे है।

**अधिवक्ता संघ का चुनाव**

# लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बने मूलचंद

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/साजा



साजा सिविल न्यायालय,एसडीएम न्यायालय और तहसील न्यायालय अंतर्गत आने वाले अधिवक्ता संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता मूलचंद शर्मा लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। नवनियुक्त अध्यक्ष मूलचंद शर्मा सहित अन्य पदधिकारियों को अनुविभागीय अधिकारी टीआर माहेश्वरी ने बधाई देते हुए संघ के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

चुनाव के परिणाम स्वरूप साजा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मूलचंद शर्मा, उपाध्यक्षदिनेश साहू व गोकुल राजपूत, सचिव अजय गोस्वामी, सह सचिव मनोज वर्मा,ग्रंथपाल कविता गोस्वामी, कोषाध्यक्ष मनोज राजपूत बने है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अधिवक्ता विनोद शर्मा,योगेंद्र चंदेल, अजय देवांगन, अमरदास रात्रे, जितेंद्र साहू, मदन देवांगन, एसके भट्ट, राजेश दुबे,हुलेश सिन्हा, मनोज शर्मा और संजयदत्त निर्विरोध चुने गए है। वहीं संरक्षक के रूप में अधिवक्ता पुरुषोत्तम चौबे, उपेंद्रधर दीवान, केके वैष्णव,सागर माणिक,हरिशंकर क्षत्रिय और अवधेश शर्मा को नियुक्त किया गया।

### अधिवक्ताओं के हित में कार्य करते रहूंगा

संघ के चुनाव समाप्ति के तुरंत बाद बधाई संदेश देने वालों का तांता लग गया। बार रूम में संपन्न हुए इस चुनाव में लगातार तीसरी बार अपना परचम लहराने वाले अध्यक्ष मूलचंद शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं के कल्याण की दिशा में जो भी आवश्यक होगा। सरकार के समक्ष रखकर उसे प्रमुखता से लेंगे। उन्होंने अपने मनोनयन पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं साथियों का आभार व्यक्त किया।

# राज्य सरकार नाकामी-बदनामी छुपाने विपक्ष के नेताओं को कर रही परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बलौदा बाजार के मामले में राज्य की साय सरकार अपनी नाकामी और पूरे देश में हुई बदनामी को छुपाने के लिए विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। जिसके चलते भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। देवेंद्र यादव ना तो बलौदा बाजार में भाषण दिए हैं न ही कलेक्ट्रेट ऑफिस प्रदर्शन में शामिल हुए हुए केवल 5 मिनट रुक कर वापस आ गए थे। उसके बाद भी गिरफ्तार किया गया है जो गलत है अनुचित है। इस बात को लेकर आज 24 अगस्त को जिला स्तर पर कांग्रेस धरना प्रदर्शन कर पुरजोर विरोध करेगी। उक्त बातें क्षेत्र के पूर्व विधायक ▶▶| शेष पेज 08 पर

- पूर्व विधायक छाबड़ा की पत्रकार वार्ता

### सरकार से की गई विभिन्न मांग, उठाया गया सवाल

पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने इस पूरे आंदोलन में भाजपा के जिला अध्यक्ष सनम जांगड़े सहित अन्य भाजपा नेताओं की भूमिका की जांच की मांग की गई है। इसके साथ ही उन्होंने धरना प्रदर्शन को कलेक्टर से परमिशन दिलाने वाले का नाम जाहिर करने के लिए मांग किया है। रैली में आने वाले हजारों लोगों के लिए भोजन मंच पंडाल के लिए रुपए की व्यवस्था करने वाले के नाम के भी खुलासा करने की मांग की गई है। इसके साथ उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना के बाद भड़काऊ भाषण देने वाले की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। नागपुर से 250 से अधिक लोग आए थे वह कौन है इसकी ▶▶| शेष पेज 08 पर

# ग्रामीण बैंक की मनमानी से खाताधारक त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा देवकर के बैंक कर्मियों के मनमानी रवैये से ग्रामीणों में आक्रोश है। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि बैंक में 3 बजे तक ही लेनदेन का कार्य किया जाता है। बैंक में देवकर तहसील क्षेत्र व दर्जनों ग्राम पंचायतों के शासकीय खाते सहित हजारों ग्रामीणों के मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन , लोन सहित किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य खाते खुले है।

- राशि नहीं होने एवं अन्य बहानों से किया जा रहा वापस

देवकर बैंक के कई गांव 12 से 15 किमी दूरी में बसा है। दूरदराज के ग्रामीण किसी प्रकार बैंक तक पहुंचते है लेकिन बैंक कर्मियों द्वारा हमेशा किसी न किसी कारणों का हवाला देकर उन्हें बैरंग वापस लौटाया जाता है। उन्हें कभी बैंक में राशि नहीं होने का हवाला दिया जाता है तो कभी लाइट नहीं होना या लिंक फेल बता लौटा दिया जाता है। बैंक में 3 बजते ही लेनदेन बंद कर दिया जाता है। जबकि बैंक के बोर्ड में लेनदेन ▶▶| शेष पेज 08 पर

### बैंक में 3 बजे तक ही हो रहा लेनदेन का कार्य




### लोन प्रक्रिया अभी सीमित है: ब्रांच मैनेजर

मामले में बैंक के ब्रांच मैनेजर चंद्र प्रकाश सूर्यवंशी से बात की गई तो उन्होंने आरोपों से बचते हुए कहा कि अभी बैंक में किसानों के फसल बीमा का काम चल रहा है इस लिए लोन की प्रक्रिया सीमित किए हुए है।

### पेयजल व बैठने की भी व्यवस्था नहीं

बैंक में आने वाले उपभोक्ताओं का कहना है कि बैंक में इंतजार करने के वक्त बैठने की व्यवस्था नहीं है। साथ ही पेयजल की भी कोई व्यवस्था नहीं है। कई लोग छोटे छोटे बच्चे को गोद में लेकर घंटों खड़े रहते हैं। कई बुजुर्ग भी बैठने के व्यवस्था के अभाव में खड़े खड़े घंटों इंतजार करते है।

### मानसिक रूप से त्रस्त हो गई हूं: समूह अध्यक्ष

ऐसा ही एक ताजा मामला शुक्रवार को ग्राम राखी जोबा के जय मां दुर्गा महिला स्व सहायता समूह का है जहां समूह को लोन देने के लिए बार बार घुमाया जाता है। समूह की अध्यक्ष मीरा बाई मानिकपुरी ने बैंक प्रबंधक के ऊपर आरोप लगाया है कि बैंक में बीते कई दिनों से लोन के नाम पर संपूर्ण दस्तावेज के साथ आवदेन की हुई हू बावजूद इसके बैंक प्रबंधक द्वारा गुमराह किया जा रहा है। सुबह से शाम तक बैठा के बहाना बना कर खाली हाथ वापस भेज दिया जाता है जिससे में मानसिक रूप से त्रस्त हो गई हूं।

**अस्पताल प्रबंधन ने रखी कुछ आवश्यक मांगें**

# मंत्री की अध्यक्षता में हुई जीवन दीप समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें सबसे पहले नवनियुक्त जीवन दीप समिति सदस्यों का सम्मान किया गया। इसके बाद समिति को मिली राशि के आय-व्यय संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में चिकित्सकों ने मंत्री को अस्पताल में होने वाली परेशानियों से अवगत भी कराया।

मंत्री बघेल ने अस्पताल निरीक्षण भी किया और प्रबंधन द्वारा किये गए समस्त आवश्यक मांगों का अनुमोदन भी किया। उन्होंने विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे सेवाओं के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की । उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में और सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। बैठक में बीएमओ डॉ. एमएम रज़ा को दिशा- निर्देश भी दिए। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमएम रजा एवं विभाग द्वारा अस्पताल संबंधित आय व्यय की सम्पूर्ण जानकारी रखी। साथ ही उन्होंने मंत्री के समक्ष अस्पताल संचालन के लिए मरीज के परिजनों हेतु वाहन शेड, प्रसूता व जनरल वार्ड में एसी, इन्वर्टर, भवन की रंगरोगन, अस्पताल परिसर के बाहर अतिक्रमण हटाने, 2 कंप्यूटर ऑपरेटर व 2 चौकीदार की नियुक्ति एवं सड़क निर्माण कार्य की मांग रखा। डॉ. रजा ने अस्पताल प्रबंधन द्वारा किये गए भर्ती मरीज उपचार, प्रथम पुत्री हेतु प्रोत्साहन किट, प्रसव सेवाओं, इमरजेंसी सेवाओं में अबतक कि उपलब्धि की जानकारी भी दी।




बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष मंजू रात्रे, उपाध्यक्ष नगर पंचायत आशा राम ध्रुव, स्वास्थ्य समिति सभापति रामनारायण श्रीवास, समिति सदस्य संतोष देवांगन, राजू गुम्बर व संपत साहू, जाहिद बेग, सोम ठाकुर, राहुल खुराना, हेमन्त सोनकर, टीकम गोस्वामी, खोरबहरा साहू,बीपीएम सीके देवांगन, यूआर ध्रुवे, खिलावन टण्डन, वशुधा पटेल, सुनील नवरंगे, अशेन्द्र, मोहन, भानु बंजारे सहित स्वास्थ्य विभाग से जुड़े समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### श्रीरामकृष्ण सेवा मंडल की सामान्य सभा आज

**भिलाई।** श्री रामकृष्ण सेवा मंडल की सामान्य सभा की बैठक 24 अगस्त को 5 बजे की जगह 4:45 बजे को प्रारंभ होगी,मंडल के सभी आजीवन सदस्य, सामान्य सदस्य बैठक में शामिल होंगे। सभा के उपरांत स्वामी अव्यप्तानंद महाराज के द्वारा जीवन में गुरु की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रवचन शाम 6 बजे से होगा।


**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य मंत्री ने लिया राजधानी के अस्पतालों का जायजा

**रायपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज सुबह राजधानी रायपुर के कई अस्पतालों में औचक निरीक्षण किया। श्री जायसवाल ने सबसे पहले मेडिकल कालेज हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। यहां मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। स्वास्थ्य मंत्री ने इसके बाद रायपुर पंडरी जिला हॉस्पिटल का निरीक्षण कर यहां भर्ती मरीजों से उनका हालचाल जाना और उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेकर अन्य आवश्यक सुधार के लिए सीएमएचओ को आवश्यक निर्देश दिए। श्री जायसवाल ने इस दौरान मातृ एवं शिशु हॉस्पिटल पुलिस लाइन टिकरापारा का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेकर व्यवस्था में सुधार के लिए कहा।

### स्मार्ट सिटी में जीएम पीआर के पद पर होगी नियुक्ति, 9 तक आवेदन

**रायपुर।** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने महाप्रबंधक जनसंपर्क के पद के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 सितंबर रखी गई है। यह संविदा आधारित नियुक्ति होगी। इसमें 90 हजार रुपए तक वेतन देय होगा। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयुसीमा सहित अन्य नियम व शर्तों से संबंधित जानकारियां रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती हैं।

### जांच के लिए आप ने बनाई 6 सदस्यीय समिति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था पर बीजेपी सरकार पर आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, बीजेपी सरकार ने छत्तीसगढ़ को अपराधगढ़ बना दिया है।



छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश में हर जगह अशांति और डर का माहौल बना हुआ है। जनता असुरक्षा और भय के माहौल में जीने को विवश है, पूरे प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा, मात्र पिछले आठ माह में गृहमंत्री के गृहजिले कबीरधाम में अन्य जिलों की तुलना में हत्या सहित अन्य अपराध सबसे अधिक हुए हैं। प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ में हमारी मां, बहन, बेटियां तक सुरक्षित नहीं हैं।

### गतका नेशनल चैंपियनशिप के लिए टीम पंजाब रवाना



**रायपुर।** 8वीं गतका नेशनल चैंपियनशिप पंजाब संगरूर में 24 से 27 अगस्त तक आयोजित होने जा रही है, जिसमें भाग लेने छत्तीसगढ़ की चयनित गतका टीम संपर्क क्रांति ट्रेन से रवाना हुई। छत्तीसगढ़ प्रदेश गतका संघ की अध्यक्ष सिमरन सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीम का सिलेक्शन ट्रायल एंड चैंपियनशिप जो कि छत्तीसगढ़ में विगत दिनों हुआ था, उसमें चयन प्रक्रिया के दौरान 80 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जो 8वीं नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने जा रहे हैं। इस नेशनल गेम्स के दौरान क्वालीफाई खिलाड़ी नेशनल गेम्स और खेलो इंडिया के लिए क्वालीफाई करेंगी, जैसे कि पहले भी असम में नेशनल किए गए थे, उस दौरान भी छत्तीसगढ़ के 11 खिलाड़ी खेलो इंडिया के लिए क्वालीफाई किए थे। इस बार भी पूरी उम्मीद है कि खेलो इंडिया और नेशनल गेम के लिए चयनित हो जाएंगी। छत्तीसगढ़ से प्रमुख रूप से सम्मिलित होने वाले खिलाड़ी राजवीर सिंह, कृष्णा सिंह, हंसिका कौर, गुरमेहर कौर, सिमर कौर सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।

# अहाता से कमाई कम हुई तो नए बार को लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू, 4 आवेदन आ चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में ठेके पर गए अहाता के लगातार बंद होने से आबकारी विभाग की राजस्व कमाई भी कम हो गई है। ऐसे में विभाग ने अब इसकी भरपाई करने के लिए नये बार को लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत अब तक 4 आवेदन भी आ चुके हैं। जिले में वैसे करीब 70 बार पहले से संचालित हैं। इन बारों से हर साल लगभग 16 करोड़ रुपए की राजस्व आय भी होती है। नये बार के खुलने से कमाई और बढ़ने की संभावना है। आबकारी की नई नीति के तहत रायपुर जिले में शराब दुकानों से लगी खाली जगहों पर अहाता खोलने की योजना लाई गई है। इसके तहत जिलेभर में 56 शराब दुकानों के पास अहाता खोलने के लिए टेंडर भी निकाला गया था, जिसके बाद ऊंची बोली के अनुसार इन अहातों को ठेके पर भी दिया गया। इससे विभाग को जमकर कमाई भी हो रही थी, क्योंकि सभी अहाता तय बोली से दो से तीन गुना अधिक राशि पर गए थे। हालांकि एक महीने के बाद ही ठेकेदारों ने अहाता चलाने से पीछे हटने लगे और धीरे-धीरे 21 ठेकेदारों ने अहाता सरेंडर कर दिए। इससे विभाग को राजस्व के रूप में होने वाली कमाई भी बंद हो गई। यह कमाई बंद होते ही विभाग ने साल के चार महीने बीत जाने के बाद अचानक नये बार के लिए लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में विभाग ने आदेश भी जारी कर दिया है। हालांकि आदेश पत्र में तारीख मार्च 2024 की है। इससे पता चलता है कि आदेश चार महीने पहले ही जारी हो चुका था, लेकिन नये बार का लाइसेंस देने की प्रक्रिया चालू माह में शुरू की गई है।

## अप्रैल में मिलना था लाइसेंस, अब 7 महीने का होगा



बार का लाइसेंस एक साल के लिए दिया जाता है जो 1 अप्रैल से लेकर 31 मार्च तक रहता है। विभाग ने नया बार का लाइसेंस देने की प्रक्रिया जरूर शुरू कर दी है, लेकिन आवेदन करने वालों को बार चलाने के लिए सिर्फ 7 महीने ही मिल पाएंगे। मार्च 2025 को लाइसेंस की अवधि खत्म हो जाएगी। इसके बाद बार मालिक को लाइसेंस नवीनीकरण कराना होगा।

### लाइसेंस शुल्क सालभर का लगेगा

नये बार के लिए आवेदन करने वालों को लाइसेंस जरूर 7 महीनों के लिए मिलेगा, लेकिन शुल्क पूरे सालभर का देना होगा। विभाग के नियम के अनुसार लाइसेंस शुल्क जनसंख्या के अनुसार 3 वर्ग में बांटी गई है। एक लाख से अधिक जनसंख्या न हो ऐसी जगह पर बार के लिए 18 लाख रुपए लाइसेंस फीस है। 1 लाख से 3 लाख के बीच जनसंख्या होने पर 24 लाख रुपए तथा 3 लाख अधिक जनसंख्या होने पर 31 लाख 20 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। रायपुर जिले में एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्र है। इस कारण 24 लाख रुपए लाइसेंस फीस रखी गई है।

### नये बार लाइसेंस के आ रहे आवेदन

नये बार लाइसेंस के लिए आवेदन आ रहे हैं। अब तक 4 आवेदन आ चुके हैं। लाइसेंस नियम प्रक्रिया के तहत दिए जाएंगे। लाइसेंस फीस एक साल के लिए होता है, इसलिए आवेदकों को पूरी फीस जमा करनी होगी।

**- विकास गोस्वामी**
उपायुक्त
आबकारी विभाग रायपुर

## प्रदेश में खेती किसानी की स्थिति बेहतर

# छत्तीसगढ़ के 12 बड़े बांधों में तीन आधे बाकी लबालब, 95 प्रतिशत बोनी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल सावन महीने की जोरदार बारिश के बाद भी राज्य के एक दर्जन बड़े बांधों में से तीन बांध ऐसे रह गए हैं जो भर नहीं पाए हैं। बाकी के नौ बांधों में 75 से लेकर 100 प्रतिशत तक जलभराव हो चुका है। जिन तीन बांधों में पानी की कमी रह गई है, उनमें अरपा भैंसाझार बिलासपुर, केलो रायगढ़ और कोडार महासमुंद शामिल है। खास बात ये है कि राज्य में खेती किसानी की स्थिति बेहतर है, अब तक सीजन की 95 प्रतिशत बोनी हो चुकी है।

राज्य में इस साल सावन के महीने में जोरदार बारिश हुई है। अब तक औसतन 820 मिमी से अधिक बारिश रिकार्ड हो चुकी है। सावन खत्म होने के बाद भी कई जिलों में अब तक बारिश हो रही है। इस सीजन में सरगुजा संभाग के कुछ क्षेत्रों में अन्य के मुकाबले कम बारिश हुई है। सरगुजा में सबसे कम 72 प्रतिशत के आसपास बारिश हुई है। ऐसी ही स्थिति महासमुंद जिले में भी है। इनके अलावा बेमेतरा और दुर्ग जिले में कम बारिश हुई है।



### नौ बड़े बांधो में जमकर जलभराव

*राज्य के बड़े बांधों में शामिल मिनी माता बांगो कोरबा में इस समय 82 प्रतिशत जलभराव है। इसी तरह रविशंकर सागर धमतरी में 89 प्रतिशत, तांदुला बालोद में 91 प्रतिशत, दुधावा कांकेर में 85 प्रतिशत, सिकासार गरियाबंद में 96 प्रतिशत, खारंग बिलासपुर में 100 प्रतिशत, सोंढूर धमतरी में 74 प्रतिशत, मुरुमसिल्ली धमतरी में 86 प्रतिशत, मनियारी मुंगेली में 100 प्रतिशत जल भराव है।*

### खरीफ सीजन की बोनी 95 प्रतिशत

चालू खरीफ सीजन में अब तक लक्ष्य का 95 प्रतिशत बोनी पूर्ण हो चुकी है। जबकि इस सीजन में राज्य सरकार द्वारा 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों के बोनी का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 46.35 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। प्रदेश में चालू खरीफ सीजन के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण जारी है। 21 अगस्त 2024 की स्थिति में किसानों को लगभग 12 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका हैं, जो लक्ष्य का 88 प्रतिशत है। चालू खरीफ सीजन के लिए राज्य में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के माध्यमों से किसानों को 13 लाख 68 हजार मीट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरूद्ध अब तक 15.24 लाख मीट्रिक टन का भण्डारण करा लिया गया है। भण्डारण के विरूद्ध लगभग 12 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को किया जा चुका है। किसानों को सुगमता पूर्वक खाद का वितरण सोसायटी और निजी विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है।

# समाज के आध्यात्मिक व सामाजिक विकास के लिए हर वर्ग से जुड़ेगा संघ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ विश्व हिन्दू सेवा संघ ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने, आध्यात्मिक, सामाजिक और आर्थिक विकास की अवधारणा से हर वर्ग को जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ में भी पहल की जाएगी। राष्ट्रीय स्तर पर गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए जमीनी स्तर पर हर जिले में जन आंदोलन की तैयारी के लिए विश्व हिन्दू सेवा संघ प्रदेशभर में युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों, विद्यार्थियों को जोड़ने की मुहिम शुरू करेगा। संघ के राष्ट्रीय महासचिव विशाल भगत ने पत्रकारवार्ता में यह बात कही।

राजधानी में नए लोगों को जिम्मेदारी देने और विश्व हिन्दू सेवा संघ के विचारों को हर सनातनी परिवारों तक पहुंचाने के लिए हर जिले में प्रयास तेज करने की बात राष्ट्रीय महासचिव ने गुरुवार को पत्रकारवार्ता में रखी। उन्होंने कहा कि जन अभियान शुरू करने से पहले प्रदेश अध्यक्ष की कमान हेमंत कुमार को दी गई है। इसके साथ ही रायपुर जिला अध्यक्ष के रुप में गोपाल प्रसाद वर्मा को नियुक्त किया गया है।

इनके साथ मिलकर हर जिले में पदाधिकारी और कार्यकर्ता जोड़ने के बाद संघ के उद्देश्य से हर सनातनी परिवारों से जुड़े हर वर्ग को चाहे वह शिक्षा, चिकित्सा, व्यावसाय, महिला ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जोड़ने के लिए पहल की जाएगी। संघ का उद्देश्य घर-परिवार में खत्म हो रही सनातनी व्यवस्था को वापस स्थापित करना है।

# कानून व्यवस्था और अन्य विषयों पर कांग्रेस ने शाह से पूछे 11 सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने उनसे 11 सवाल पूछे हैं।



उन्होंने पूछा कि राज्य में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश की कानून व्यवस्था क्यों बदहाल हो गयी है? अपराधी बेलगाम हो गये। एसपी, कलेक्टर कार्यालय जलाये जा रहे। 8 महीने में प्रदेश में कानून का राज खत्म हो गया है।

उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि आरक्षण विधेयक कब तक लंबित रहेगा? आदिवासी समाज को उसकी आबादी के अनुपात में उसका हक मिलने आप और भाजपा क्यों बाधा बनी हुई है? छत्तीसगढ़ के हसदेव के वन क्षेत्रों की कटाई क्यों हो रही है? भाजपा की सरकार बनने के बाद हसदेव क्षेत्र में वनों की कटाई फिर से शुरू हो गई। राज्य की सरकार ने राजस्थान सरकार को कोल ब्लॉक में उत्खनन की अनुमति दे दी। एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर में क्यों नहीं आ रहा? दल्लीराजहरा जगदलपुर रेल लाइन क्यों शुरू नहीं हो रही? भारतमाला परियोजना रोड को जगदलपुर से क्यों नही जोड़ा जा रहा? मोदी सरकार ने 2006 के वन अधिकार अधिनियम में संशोधन क्यों किया?

### नगरनार प्लांट क्यों बेच रहे?

उन्होंने कहा, नगरनार प्लांट क्यों बेच रहे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस्तर के नगरनार संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर कहा था इस संयंत्र का निजीकरण नहीं होगा। आपने भी यही कहा था उसके बाद भी नगरनार संयंत्र के बेचने की खबरे क्यों सामने आ रही है? क्या आप छत्तीसगढ़ से इन खबरों का खंडन करेंगे? नंदराज पहाड़ की लीज केन्द्र रद्द क्यों नहीं कर रहा? अमित शाह जी बताये अडानी का हित बड़ा है या आदिवासियों की आस्था? एनआईए की कार्यवाही पक्षपात पूर्ण क्यों? टेरर फंडिग मामले में भाजपा के पूर्व मंत्री के भाई पेखन गागड़ा और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पर 91 करोड़ उगाही का आरोप है, एनआईए की कार्यवाही में उनको किसके दबाव में छोड़ा गया है?

# स्कूल सफाई कर्मचारियों ने की कलेक्टर दर पर वेतन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के स्कूल सफाई कर्मचारी कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन करेंगे। इस संबंध में स्कूल सफाई कर्मचारियों की प्रदेश स्तरीय बैठक 24 अगस्त को बिलासपुर के सरकंडा स्थित प्राथमिक बालक शाला में आयोजित है। इसमें स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की मांग और उनकी समस्याओं पर चर्चा होगी।

### खास बातें

- प्रदेशभर में 43 हजार स्कूल सफाई कर्मचारी
- 14 साल से सेवा, 3 हजार से लेकर 3300 रुपए मासिक मानदेय

दरअसल, प्रदेश भर के सरकारी स्कूलों में 43 हजार से ज्यादा सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं, जो पिछले 14 सालों से स्कूल की साफ-सफाई कार्य कर रहे हैं। इन्हें वर्तमान में केवल 3 हजार से लेकर 3300 रुपये मासिक मानदेय का भुगतान किया जाता है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष खांडेकर प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने बताया भाजपा द्वारा वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से पूर्व स्कूल सफाई कर्मचारी संघ से वादा किया था कि सरकार बनने पर स्कूल सफाई कर्मचारियों के वेतन में 50 फीसदी वृद्धि की जायेगी।, पर वेतन वृद्धि नहीं किये जाने से स्कूल सफाई कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

### प्रधानपाठक संघ, शिक्षक संगठनों ने किया समर्थन

प्रधान पाठक संघ और विभिन्न शिक्षक संगठनों ने स्कूल सफाई कर्मचारीयों के 14 वर्ष कार्य अनुभव को ध्यान में रखकर कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान की मांग का समर्थन किया है। इसके साथ ही स्कूल सफाई कर्मचारियों को भृत्य की पदों पर समायोजित किये जाने मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, संचालनालय को पत्र भी लिखा गया है।

# रात के अंधेरे में जुए में लाखों रुपए दांव लगाने का वीडियो वायरल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुजगहन थाना क्षेत्र के एक सूनसान खेत में जुआ खेलने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियों में एक दर्जन से ज्यादा लोग जुए में लाखों रुपए दांव लगाते दिख रहे हैं। जुआ रात के अंधेरे में टार्च की रोशनी में खेला जा रहा है। वायरल वीडियो को लेकर एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर ने तीन साल पुराना होने की बात कही। जुए की फड़ में दिख रहा एक व्यक्ति क्षेत्र में जुआ संचालित कराने वाला कुख्यात जुआरी है।

गौरतलब है कि मुजगहन थाना क्षेत्र तथा आसपास के इलाकों में आए दिन जुआ फड़ की बड़ी महफिल सजने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। जुआरियों के खिलाफ पुलिस शिकंजा कसने का दावा भी करती है। इन्हीं शिकयतों के बीच किसी ने मुजगहन थाना क्षेत्र में जुआ संचालित होने का वीडियो वायरल किया है। जिस जगह जुआ संचालित किया जा रहा है, वहां जुआरियों के लिए अलग से चाय-नाश्ता तक की व्यवस्था की गई है। वायरल वीडियो में दिख रहा शख्स आसकरण खान है, जो पूर्व में जुआ संचालित करने के आरोप में जेल जा चुका है।

### जांच के बाद फड़ में बैठने की अनुमति

जिसके ऊपर जुआ संचालित करने का आरोप है, बताया जा रहा है, वह जुआ की फड़ में बैठने वाले लोगों की बारीकी से जांच करने के बाद फड़ में बैठने की अनुमति देता है। इसके साथ ही जुआ के फड़ में शामिल लोगों के वाहन एक किलोमीटर दूर पार्क किया जाता है। जुआ फड़ में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होने की बात सामने आई है। जुआ को लेकर जो वीडियो वायरल हुआ है, उस वीडियो में एक हजार रुपए से कम के दांव नहीं लग रहे। अधिकतम 15 से 20 हजार रुपए तक जुआरी दांव लगाते दिख रहे हैं।

## पेज 7 के शेष

### शिक्षक ईमानदारीपूर्वक ...

कार्य करेंगे तो परिणाम भी निश्चित रूप से बहुत ही अच्छा होगा। अगर हमें पिछला पता नहीं होगा तो हम आगे नहीं बढ़ पाएंगे। अगर हमें प्रतिशत पता नहीं होगा तो हम लाभ और हानि नहीं निकाल पाएंगे। आप लोग फाऊंडेशनल क्लास वाले हैं आप बच्चों की पढ़ाई की आधारशिला तैयार करने वाले शिक्षक है यही वह अवस्था है क्लास है जहां पर हमें अच्छी तरह से मेहनत करने की आवश्यकता होती है आप लोग बच्चों के बीच जाकर खूब मेहनत कीजिए पूरे पुरुषार्थ से कार्य कीजिए जैसे लकड़हारा अपनी कुल्हाड़ी की धार को प्रतिदिन तेज करता है वैसे ही आपको प्रतिदिन अपनी कक्षा में जाने से पहले पुरी तैयारी के साथ जाना । आपको रिफ्रेश होने की जरूरत है विद्यालय का बच्चा आपको लगातार ऑब्जर्व कर रहा है यदि आप अपनी कक्षा में 100% पढ़ाएंगे तो वह रिफ्लेक्ट भी होगी। शिक्षक को हमेशा चैलेन्ज स्वीकार करना चाहिए और अंत में कलेक्टर ने सभी प्रतिभागियों इस प्रशिक्षण में आने और अपना कार्य पूरी तन्मयता के साथ ईमानदारी पूर्वक करने की शुभकामनाएं दिए। आज अंतिम दिवस में पत्तियों और प्याज के छिलके की स्लाइड बनाकर सूक्ष्मदर्शी की सहायता से कोशिका एवं स्टोमेटा का अध्ययन किया गया। साथ ही साथ सुखे और गीले बीजों में श्वसन की क्रिया होती है इसका प्रयोग द्वारा प्रदर्शन किया गया।

### ग्रामीण बैंक में मनमानी ...

का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक दर्ज है। बैंक कर्मी उन्हें बताते हैं कि यह सिंगल विंडो ब्रांच है यहां पर 3 बजे तक ही लेनदेन संभव है। इसके बाद आफिशियल वर्क करना होता है। बैंक हमारे हिसाब से चलेगा। ग्रामीणों ने कहा है कि बैंक में आधार लिंक, केवाईसी, चेक बुक जारी करने सहित अन्य छोटे कार्यो के लिए उन्हें बार बार चक्कर काटना होता है। जब शिकायत के लिए कस्टमर केयर में फोन लगाया जाता है तो उधर से कोई जवाब नहीं मिलता है। ग्रामीण विमलेश , रमेश , कमलेश , अजय , सुरेश ने बैंक कर्मियों के तानाशाही रवैया से त्रस्त है लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है।

### राज्य सरकार नाकामी...

आशीष छाबड़ा ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान कही । उन्होंने आगे कहा कि देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी गलत तरीके से किया गया है उन्हें लगातार गवाही की धारा के तहत पूछताछ व जानकारी के लिए बुलाया जा रहा था, परंतु उन्हें दूसरे धारा के तहत गिरफ्तार किया गया है । बलौदा बाजार के एसपी कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट को जिस तरह से जलाया गया है, यह षड्यंत्र के तहत अंजाम दिया गया है । पूर्व विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बनता जा रहा है, राजधानी से लेकर हर जिले में चाकूबाजी से लेकर चोरी डकैती आम बात हो गई। कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट को दर्शाता है यह विपक्ष को बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा इस संबंध में सरकार, पुलिस बताएं कि किन भाजपा नेताओं को नोटिस दिया गया है और पूछताछ की गई। हमारी मांग है न्याय संगत कार्रवाई की है। भाजपा सरकार के चरित्र और व्यवहार 8 महीने में ही अलोकतांत्रिक हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार के इस अत्याचारी चरित्र से हम लोग डरने वाले नहीं है। इस प्रकार के कृत्यों से हमारे कार्यकर्ता और मजबूती से सरकार के खिलाफ जनता की आवाज को बुलंद किया जाएगा । छावड़ा ने बलौदा बाजार में हुई आगजनी की भयावह घटना शासन प्रशासन की बड़ी लापरवाही एवं सरकार की इटेंलीजेंट के फेल होना दर्शाते हुए कहा यदि समय रहते सरकार एवं प्रशासन सचेत हो जाता और सतनामी समाज के द्वारा सीबीआई की जांच की मांग को पूर्व में ही मान लेता तो प्रदेश को शर्मसार करने वाली घटना से बचाया जा सकता था।

### सरकार से की गई ...

जांच सरकार को करना चाहिए। उन्होंने कहा की भीड़ को रोकने की कोशिश नहीं की गई आम जनता के वाहनों को जलाया जा रहे थे लोगों को दौड़ा कर पीटा जा रहा था तब पुलिस कहां थी पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध हैं जिसकी भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि अभी तक कितने लोगों को गिरफ्तार की गई है इसकी सूची जारी होनी चाहिए। इन सब के विरोध में 24 अगस्त को जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण वोरा के मार्गदर्शन में आंदोलन होगा। छाबड़ा ने बताया कि पत्रकारों को ग़लत तरीके से फंसाने उनकी गाड़ी में गांजा रखा जाता है। ये रहे उपस्थितः चर्चा के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंसी पटेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी सहित सनत धर दीवान एवं जावेद खान उपस्थित थे ।

# नोएडा की आईटी इंजीनियर से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 88 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ऑनलाइन जालसाजी करने वाले जालसाजों ने ऑफिसियल टूर पर नोएडा से रायपुर आई एक महिला इंजीनियर के साथ शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 88 लाख रुपए की ठगी की है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है। इंजीनियर की शिकायत पर रेंज साइबर पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जालसाजों ने इंजीनियर को दो माह के भीतर ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस के मुताबिक रश्मि सिंह मई-जून में रायपुर आई थी। इंजीनियर तेलीबांधा स्थित होटल क्लार्क इन में रुकी हुई थी। महिला ने शिकायत दर्ज कराई है। रश्मि ने पुलिस को बताया है कि वह गूगल सर्च करते समय एक एवेडेंस स्पार्क ट्रेडिंग प्रोग्राम का एड देखा। इसके बाद महिला इंजीनियर ने एड में दिए ऑप्शन पर क्लिक किया, तो उसमें अंजली शर्मा नाम की असिस्टेंट ने रश्मि को एक वाट्सएप ग्रुप में एड किया। व्हाट्सगुप का मेंटर नरेश राठी था। वाट्सएप ग्रुप में एड करने के बाद जालसाजों ने रश्मि को ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग की अलग-अलग स्कीम में लाभ होने का झांसा देकर अपने अकाउंट में रुपए जमा कराकर ठगी का शिकार बनाया।

## खबर संक्षेप



### सामान्य सभा आयोजित करने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा ने सभापति प्रमोद दुबे से मुलाकात सामान्य सभा की बैठक जल्द बुलाए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि पूर्व की सामान्य सभा फरवरी माह में बुलाई गई थी, उसके बाद आज तक कोई सामान्य सभा नहीं बुलाई गई। नेता प्रतिपक्ष ने सभापति को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि पेयजल संकट, जलभराव, शहर में गड्ढे तथा आवारा कुत्तों के खौफ से से शहर की जनता त्रस्त है। शहर में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं, बहुत सारे ऐसे विषय हैं, जिस पर सामान्य सभा में चर्चा होना आवश्यक है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के पास सामान्य सभा के अलावा और कोई विकल्प नही है, जहां वे अपनी समस्या पर चर्चा कर सकें। सभापति प्रमोद दुबे ने आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी।

### भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण पर नोटिस


**रायपुर।** मोर जमीन मोर आवास के तहत भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण किए जाने की शिकायत पर निगम प्रशासन से संज्ञान लिया है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान आवासीय प्रयोजन के दस्तावेज प्रस्तुत कर व्यावसायिक प्रयोजन के लिए शटर बनाए जाने पर हितग्राही सतीश कुमार सिंह और संतोष कुमार सिंह को नोटिस जारी किया है। इसी तरह भवन अनुज्ञा के विपरीत अवैध निर्माण करने पर हितग्राही घनश्याम सिंह ठाकुर और रूपेश सिंह ठाकुर को पीएम आवास योजना शाखा की ओर नोटिस देकर शटर बंद किए जाने निर्देश दिए हैं।

### बीमा कर्मियों का प्रदर्शन कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** मध्यक्षेत्र के बीमाकर्मियों के संगठन सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एंप्लाइज एसोसिएशन की महिला समिति के आव्हान पर दो दिवसीय 22 और 23 अगस्त तक आरजे मेडिकल कालेज सहित देशभर में महिलाओं पर जारी शर्मनाक घटनाओं के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार शाम पंडरी के जीवन बीमा मार्ग पर सैकड़ों बीमा कर्मियों, अधिकारियों व अन्य जनसंगठनों से जुड़े लोगों ने प्रदर्शन किया तथा मोमबत्ती जलाकर पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। इसी दौरान सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन के महासचिव कामरेड धर्मराज महापात्र, आरडी आईईयू महिला समिति की सचिव अनुसुईया ठाकुर ने दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने मांग की है। प्रदर्शन में ज्योति पाटिल, प्रदीप गभने, अजय कन्नौजे, केके साहू, सुरेंद्र शर्मा आदि शामिल रहे।

### 60 मवेशियों की धरपकड़, भेजा गोठान



**रायपुर।** नगर निगम के अलग-अलग जोन की टीम ने काऊकैचर की मदद से गुरुवार को शहरभर में 60 मवेशियों को पकड़कर गोठान भेजा। अभियान के तहत जोन 2 ने 3, जोन 3 की टीम ने 19 आवारा मवेशियों की धरपकड़ कर गोठान में छोड़ा। जोन 4 ने 9 और जोन 5 ने 10 मवेशियों को पकड़कर गोठान छोड़ा। इसी तरह अन्य जोन की टीम ने सड़क यातायात बाधित करने वाले मवेशियों को पकड़ने तत्परता दिखाई।

# दिल्ली से आई टीम ने शहर में 4 दिनों तक किया सर्वे, 35 जगहों पर फील्ड विजिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार


देशव्यापी केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के सिलसिले में दिल्ली से आई केन्द्रीय टीम शहर में 4 दिन तक रहकर 35 जगहों पर गीला और सूखा कचरे से बनने वाली खाद की धरातल पर स्थिति जानने के बाद फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कर लौट गई।

6 से 10 अगस्त तक केन्द्रीय टीम ने रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत ऐसे संस्थान व निजी कालोनी का भ्रमण किया जहां रोजाना 50 किलो से ज्यादा गीला और सूखा कचरा निकलता है। वहां जाकर दल ने यह जानकारी जुटाई कि गीले कचरे से खाद बन रही है या नहीं? इसकी पड़ताल कर ऑनलाइन रिपोर्ट सबमिट की। दरअसल, केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में स्वच्छता संबंधी रैंकिंग तय करने केन्द्र सरकार 4 चरण में सर्वे करा रही है। इसमें शुरुआत के दो चरण में रायपुर शहर में सफाई की धरातल पर स्थिति जानने शहरवासियों से केन्द्रीय टीम ने जुलाई में सर्वे कर फीडबैक लिया। इसमें 25 अलग-अलग बिंदुओं पर लोगों से सीधे मोबाइल पर कॉल कर या फील्ड एसेसमेंट के जरिये लोगों की राय ली गई।

पिछली बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में रायपुर शहर की सफाई को लेकर पब्लिक फीडबैक श्रेणी में केवल 80.27 फीसदी अंक ही मिल पाए। इसके कारण रायपुर शहर की स्वच्छता में रैंकिंग फिसलकर 11वें स्थान पर रही। 6 से 10 अगस्त तक दिल्ली की टीम ने 25 वार्डों का दौरा कर 35 जगहों पर गीले व सूखे कचरे से बनने की पड़ताल कर वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी कर सीधे दिल्ली को अपनी रिपोर्ट ऑनलाइन भेजी।

### 4447 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर प्रतियोगिता

स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों के मुताबिक देश के 4,447 शहरों के बीच स्वच्छता के देशव्यापी सर्वेक्षण में कुल 9500 अंक रखे गये हैं। इसमें से सर्विस लेवल प्रोवाइड पर 5705 अंक, सर्टिफिकेशन पर 2500 अंक और पब्लिक फीडबैक श्रेणी में 1295 अंक मिलेंगे। देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर शहर ने देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी धाक बना रखी है।



- 50 किलो से ज्यादा कचरा निकलने वाले प्राइवेट कालोनी, निजी संस्थानों में गये
- गीला और सूखा कचरा से खाद बनने की पड़ताल

### गारबेज फ्री सिटी सर्वे अगले माह संभावित

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए कराये जा रहे देशव्यापी सर्वेक्षण में गारबेज फ्री सिटी और ओडीएफ डबल प्लस के सिलसिले में सर्वे करने केन्द्रीय टीम अगले माह रायपुर आ सकती है। सूत्रों के मुताबिक अंतिम चरण का यह सर्वे रैंकिंग के हिसाब से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें रायपुर को मिलने वाले अंक से यहां की स्वच्छता रैंकिंग तय होगी। इसी सर्वे में ओडीएफ डबल प्लस और वाटर प्लस सिटी का भी सर्वे होना है। इसमें सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था में रायपुर शहर के अंकों में बढ़ोतरी होगी।

## सर्विस रोड से लेकर मुख्य सड़कों पर ऑटो डीलरों के साथ सर्विस सेंटरों का कब्जा

# सड़कों पर गाड़ियों की पार्किंग और सर्विसिंग का काम, ट्रैफिक जाम से राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर में जिस गति से आबादी बढ़ी है, उसी गति से गाड़ियों की संख्या में भी भारी इजाफा हुआ है। गाड़ियों की बढ़ती संख्या के अनुसार शहर की सड़कें जस की तस हैं। इसके कारण सर्विस रोड से लेकर मुख्य सड़कों पर सुबह 9 बजे से लेकर रात 9 बजे तक ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है।

यह समस्या ऑटो डीलर और सर्विस सेंटरों के कारण और जटिल हो गई है, क्योंकि ऑटो डीलरों के पास बिक्री के लिए आने वाली गाड़ियों को जहां सड़कों पर पार्क किया जा रहा है, वहीं सर्विसिंग सेंटरों द्वारा भी गाड़ियों की मरम्मत और धुलाई का काम सड़कों पर किया जा रहा है। इसके कारण सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या और ज्यादा बढ़ गई है, जिसके कारण वाहन सवार लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हरिभूमि की टीम ने बुधवार को शहर की प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या के कारणों का पता लगाने के लिए जायजा किया। टीम रिंग रोड से लगी सर्विस रोड के साथ पचपेड़ी नाका से कालीबाड़ी सहित अन्य कई प्रमुख सड़कों से गुजरी। इस दौरान कई जगहों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति देखने को मिली। जाम लगने के कारणों में सड़कों पर ठेला-गुमटी, बेतरतीब पार्किंग, अवैध पार्किंग, दुकानों के होर्डिंग्स, बिजली खंबों पर लगे बैनर-पोस्टर के अलावा ऑटो डीलरों की दुकान एवं सर्विसिंग सेंटर भी है। इन सभी के कारण ट्रैफिक की समस्या बनी हुई है। टीम ने ऐसे ही कुछ स्थानों को चिन्हांकित किया है, जहां ऑटो डीलर और सर्विसिंग सेंटर के कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है।





**केस 1**

पुजारी पार्क के सामने ऑटो डीलर और सर्विसिंग सेंटर के कारण गाड़ियां सड़कों पर पार्क की जा रही है। इसके कारण यहां हर दिन ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है। कई बार तो सड़क पर सर्विसिंग किए जाने के कारण इस रोड से गाड़ियों के आवागमन में दिक्कत होती है।

**केस 2**

भाठागांव पानी टंकी से लेकर रावणभाठा अंडर ब्रिज तक सर्विस रोड के दोनों तरफ ऑटो डीलरों और सर्विसिंग सेंटर की कई दुकानें है। इन दोनों सड़कों पर भी कारों की अवैध पार्किंग एवं धुलाई का काम सड़कों पर ही होता है। इसके कारण यहां भी ट्रैफिक जाम के साथ लोगों को गंदा पानी की बौछारों का सामना करना पड़ता है।

**केस 3**

पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के बगल में सर्विस रोड पर हरिहंत काम्पलेक्स से पचपेड़ी की ओर आने वाली सड़क के किनारे कई गाड़ी सर्विसिंग सेंटर खुले हुए हैं। इन सेंटरों के कर्मचारी आए दिन सड़क पर गाड़ियां खड़ी करके गाड़ियों की धुलाई करते है। इसके कारण ट्रैफिक जाम तो होता है, साथ ही दोपहिया सहित अन्य खुली वाहन में आवागमन करने वालों पर धुलाई का गंदा पानी बारिश की बौछार की तरह बरसता है। इसके कारण यहां कई बार वाहन सवार एवं सर्विसिंग सेंटर के कर्मचारियों से वाद-विवाद की स्थिति भी निर्मित हो चुकी है।



**केस 4**

पुलिस लाइन गेट के सामने बुढ़ातालाब जाने वाले रास्ते और फातेशाह मार्केट से लेकर पेट्रोल पंप तक ऑटो डीलरों का कब्जा है। इस प्रमुख मार्ग पर भी जगह-जगह अवैध रूप से कारें पार्क की गई है।

### निगम प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस की निगाह से बचे हुए

नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुविधाजनक बनाने के लिए सड़कों से लगे हुए अतिक्रमण, अवैध ठेला-गुमटियों को हटाने से लेकर नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जाती है, लेकिन इस ऑटो डीलर और सर्विसिंग सेंटर के मालिकों पर अब तक न ही निगम प्रशासन की नजर गई और न ही ट्रैफिक पुलिस की।

### करेंगे कार्रवाई

नो पार्किंग पर खड़ी गाड़ियों पर कार्रवाई की जाती है। ऑटो डीलर और सर्विसिंग सेंटर के कारण अगर कहीं ट्रैफिक जाम लग रहा है, तो कार्रवाई करेंगे।

**- गुरजीत सिंह,** डीएसपी, ट्रैफिक रायपुर

# अभाविप ने की छात्रसंघ चुनाव की मांग, सीएम के नाम ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा

अभाविप ने शैक्षणिक जगत में उत्तम छात्र नेतृत्व व प्रदेश भर के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख करते हुए कहा गया कि पूर्व में लगातार प्रतिवर्ष छात्रसंघ चुनाव किए जाने के कारण शिक्षा के क्षेत्र में सुधार तथा विकास युवा नेतृत्व के माध्यम से संपन्न होता था।

परंतु 2016 के पश्चात प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा दिया था। पिछले 2 से अधिक वर्षो से छात्रसंघ मनोनयन भी नही हुआ है। अभाविप के प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा देना निश्चित रूप से युवा नेतृत्व का दमन करने वाला निर्णय साबित हुआ है। अभाविप सदैव से छात्रसंघ चुनाव के पक्ष में रही है, पूर्व की सरकार से भी लगातार छात्रसंघ चुनाव की मांग अभाविप छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा की गई थी। अभाविप के बेमेतरा जिला के जिला संयोजक दुर्गेश्वर वर्मा ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव के माध्यम से छात्रों की नेतृत्व क्षमता में विकास होता है। प्रदेश सरकार छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष प्रत्यक्ष रूप से छात्रसंघ चुनाव कराए। इस अवसर पर अभाविप बेमेतरा के नगर मंत्री वासुदेव साहू, नगर सहमंत्री खुशबू साहू, महाविद्यालय प्रमुख शिवा वर्मा, गीतांजलि राजपूत, नागेश्वर निषाद, मुकेश साहू, रोहन साहू, कपिल एवं अभाविप के अन्य कार्यकर्ता और सामान्य विद्यार्थी शामिल थे।

# भोजली को माता का स्वरुप मानकर अच्छी फसल के लिए आह्वान कर की पूजा- अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



प्राथमिक शाला ढोलिया में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार भोजली त्योहार का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति से बच्चों को परिचित कराने एवं लोक परंपराओं का निर्वहन करते रहने के उद्देश्य को लेकर आयोजित इस त्योहार के अवसर पर संस्था की शिक्षिका सुकन्या सिंह ठाकुर ने बताया कि इस त्योहार को मनाने के लिए नागपंचमी के दिन सुबह गेहूँ और ज्वार को भिगो कर एक टोकरी में मिट्टी डाल कर उसमे बीज को डाला जाता है। 5 दिन बाद वह अंकुरित होती है और विकसित होती है जिसे भोजली कहा जाता है। भोजली शब्द भूमि और जल से मिलकर बना है, आज के दिन भोजली के स्वरुप में भूमि और जल को अपना प्रणाम निवेदित करते हुए उनसे आग्रह करते हैं कि हमारे ऊपर अपनी कृपा बनाये रखना, विशेष रूप से कृषक अपनी अच्छी फसल के लिए भूमि और जल पर ही निर्भर होता है। आज के दिन भोजली को माता का स्वरुप मानकर अच्छी फसल के लिए सभी उनका आह्वान करते हैं, उनकी पूजा अर्चना करते हैं।

- प्राथमिक शाला ढोलिया में पारंपरिक त्योहार भोजली मना

### ग्राम भ्रमण कर किया विसर्जन

इसी कड़ी में आज विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों ने भोजली को सिर पर रखकर भोजली गीत गाते हुए, ग्राम भ्रमण कर तालाब में इसका विसर्जन किया। इस अवसर पर संस्था की शिक्षिकाएं अर्चना झा,काजल दुबे और हेमलता साहू, महिलाएं थनवारिन, जानकुंवर , ग्रामवासी सहित विद्यार्थी गन उपस्थित थे।

# कुलसचिव को हटाने धरने पर बैठी एबीवीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एबीवीपी गुरुवार से रविवि में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गई है। छात्र परिषद यह आंदोलन रविवि के कुलसचिव शैलेंद्र पटेल को उनके पद से हटाने के लिए किया जा रहा है।

छात्रों का आरोप है कि कुलसचिव की पीएचडी और एमफिल डिग्रियां संदिग्ध पाई गई हैं। सीवी रमन यूनिवर्सिटी बिलासपुर से गणित विषय में 5 फरवरी 2013 से 5 फरवरी 2015 के बीच पीएचडी करने का दावा करने वाले कुलसचवि ने इस दौरान रायपुर के भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत रहने का भी दावा किया है, जो कि भौतिक रूप से असंभव है। साथ ही उन्होंने विनायक मिशन यूनिवर्सिटी, सालेम से 2007-08 में एमफिल की डिग्री ली, जो कि जांच समिति द्वारा अवैध पाई गई है। ये चौथी बार है जब जांच समिति की रिपोर्ट को नजरअंदाज कर फिर से जांच के आदेश दिए गए हैं। इससे स्पष्ट है कि शासन निर्णय लेने में पूरी तरह से विफल रहा है। एबीवीपी के महानगर मंत्री प्रथम राव फुटाने ने कहा कि अगर कुलसचिव को तुरंत पद से नहीं हटाया गया, तो विद्यार्थी परिषद द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# पुलिस का जागरुकता अभियान जारी




**थानखम्हरिया।** रेस्ट हाऊस थानखम्हरिया में 23 अगस्त को पुलिस प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें बीएलओ की उपस्थिति रही।

अभियान में अभिव्यक्ति मोबाइल एप्प के माध्यम से साइबर क्राइम, यातायात, महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, भारतीय न्याय सहिंता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम से संबंधित जानकारी भी दी गई। प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे ने कहा कि अभिव्यक्ति मोबाइल एप के जरिए कई अनैतिक दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। पुलिस उपाधीक्षक कौशिल्या साहू ने बालविवाह के खिलाफ बेटियों के अधिकारों पर जोर दिया। बेटियों को भी बेटों के समान अधिकार देने चाहिए। बाल विवाह के चलते लड़कियां शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत अधिकारों से वंचित हो जाती। बेटियों को भी बेटों के समान अधिकार देने चाहिए और उन्हें अपने जीवन को स्वतंत्र रूप से जीने का अवसर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें समाज के एक एक नागरिक को जागरूक करने की आवश्यकता है। बालविवाह के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा, जिसमें माता पिता का दायित्व ज्यादा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से तहसीलदार प्रकाश यादव, थानाप्रभारी राजकुमार साहू, आरक्षक गौकर्ण मंडावी सहित तहसील स्टाप व थाना स्टाप उपस्थित रहे।

# प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज नहीं कर सकेंगे सरकारी अस्पताल के डॉक्टर

- पहले से ही है नियम, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जारी किया रीमाइंडर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय अस्पतालों में सेवाएं दे रहे चिकित्सकों के लिए लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि सरकारी अस्पतालों में काम कर रहे डॉक्टर प्राइवेट अस्पताल में अपनी सेवाएं नहीं दे सकते अर्थात नौकरी नहीं कर सकते हैं। यह नियम पहले से ही राज्य में लागू है। ऐसे में इसे रीमाइंड स्वरूप जारी किया गया है। शासकीय सेवारत चिकित्सक व्यक्तिगत रूप से प्राइवेट प्रैक्टिस कर सकते हैं, लेकिन कर्तव्य अवधि अर्थात हॉस्पिटल की कामकाजी समय के दौरान प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे। अस्पताल में ड्यूटी का समय समाप्त होने के बाद ही लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस कर सकेंगे।

### मिलती रही हैं शिकायतें

यह नियम 2011 से ही राज्य में लागू है। कई बार चिकित्सकों की शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं कि शासकीय सेवारत होने के बाद भी वे ड्यूटी के दौरान प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे थे। शासकीय अस्पतालों में सुधार के लिए ये नियम बनाए गए थे। गुरुवार को जारी किए गए आदेश में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कहा गया है कि वर्तमान में यह पाया गया है कि नियमों का कड़ाई से पालन नहीं किया जा रहा है। इसलिए संबंधित अस्पतालों के प्रमुख और जिला स्वास्थ्य अधिकारी को खत लिखकर नियमों का पालन करवाने कहा गया है।

### वयोवृद्ध पूर्व सैनिक का सम्मान घर जाकर दिया गया चेक



**रायपुर।** राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा अमलगमेटेड स्पेशल फंड के योजनाओं के सेवानिवृत्त वारंट आफिसर रमेश चंद्र बंगा के घर पहुंचकर सम्मान निधि का चेक प्रदान किया गया। सेवानिवृत्त वारंट आफिसर रमेश चंद्र बंगा निवासी टाटीबंद को उनके निज निवास पर जाकर सम्मान निधि का चेक दिया गया। श्री बंगा ने 85 वर्ष की आयु पुरी कर ली है। यह चेक कैप्टन (भा.नौ.) अनिल कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रायपुर ने प्रदान किया और राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा प्रेषित प्रशस्तिपत्र भी दिया गया। इस अवसर पर लेफ्टीनेंट एसके शुक्ला, कल्याण संयोजक रायपुर सूबेदार चेतन साहू, नायक सुरेंद्र कुमार, सिपाही रविंद्र सिंह एवं पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गुरु बालकदास जयंती और सम्मान समारोह 26 को

**रायपुर।** बाबा गुरु घासीदास के द्वितीय सुपुत्र एवं उनके उत्तराधिकारी रहे शूरवीर महान प्रतापी राजा गुरु बालकदास की 223वीं जयंती 26 अगस्त को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस दिन पवित्र जैतखाम में विशेष पूजा-अर्चना के साथ गुरु बालकदास पर बनी फिल्म में भाग लिए सभी कलाकारों का सम्मान व संगोष्ठी आयोजित होगी। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ साहित्यकार व फिल्म निर्माता डॉ. जेआर सोनी ने बताया कि यह पूरा आयोजन गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी तथा सतनामी फिल्म प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में न्यू राजेंद्र नगर स्थित मिनीमाता स्मृति भवन में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। गुरु बालकदासजी पर बनी फिल्म में भूमिका निभाने वाले सभी कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खण्डे करेंगे। विशिष्ट अतिथि फिल्म निर्माता मोहन सुंदरानी, संतोष जैन, सतीश जैन तथा मनोज वर्मा उपस्थित रहेंगे।

### मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार कराने की मांग, कृषि मंत्री को ज्ञापन

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय मुख्यालय में स्थित मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार कराने की मांग को लेकर कृषि मंत्री रामविचार नेताम को ज्ञापन सेवामुक्त प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी और साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से मुलाकात कर दिया है। इस मौके पर डॉ. सूर्यवंशी ने बताया कि जोरा, लभांडी गांव में निवासरत के अलावा कृषक नगर, साईंनगर, प्रोफेसर कॉलोनी में निवास कर रहे दिवंगत परिजनों की अंतिम संस्कार के लिए निकटतम मुक्तिधाम यही कृषि महाविद्यालय रायपुर के पास पड़ता है। इस मुक्तिधाम की वर्तमान दशा दिनों-दिन दयनीय होती जा रही है। अंतिम संस्कार के बाद आत्मा की शांति के लिए सामूहिक श्रद्धांजलि समर्पित करने के लिए वहां पर्याप्त स्थान का अभाव है और विपरीत मौसम में बचने के लिए बेहतर छायादार शेड का निर्माण भी नहीं कराया गया है। भीषण गर्मी में शुद्ध शीतल जल पब्लिक को पीने के लिए वहां वाटर कूलर भी लगाया जाना चाहिए। इस दौरान संतोष शर्मा, सुरेश सोनी, छगनलाल साहू और श्यामसुंदर राय आदि शामिल रहे।

### पवार क्षत्रिय संगठन की कार्यकारिणी का गठन 25 को

**रायपुर।** चंगोराभाठा स्थित पवार सभा भवन में 25 अगस्त को पवार क्षत्रिय संगठन की आगामी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगा। संगठन के उपाध्यक्ष प्रमोद पटले और महासचिव डॉ. नेपाल सिंह तुरकर ने बताया कि गत दिनों वर्तमान कार्यकारिणी की बैठक में आम सहमति से निर्णय के अनुसार नई कार्यकारिणी का गठन संरक्षकों को मार्गदर्शन में किया जाना तय हुआ है।

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर अतरगढ़ी स्कूल में हुई चित्रकला, निबंध लेखन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ बच्चों को अंतरिक्ष से जुड़ी जानकारी दी गई

चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के उपलक्ष्य में 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' घोषित किया गया है। शासकीय प्राथमिक शाला अतरगढ़ी में चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग के उपलक्ष में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर कक्षा तीसरी, चौथी,और पांचवी के बच्चों का क्विज, चित्रकला और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर और रोचक तरीके से चित्र बनाया गया. क्विज प्रतियोगिता में बच्चों के द्वारा बहुत ही अच्छे से भाग लिया गया और उत्साहपूर्वक सभी बच्चे प्रश्न का उत्तर दिए। कक्षा चौथी एवं पांचवी के बच्चों को निबंध लेखन भी कराया गया। उपरोक्त प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को पेन और पेंसिल देकर पुरस्कृत किया गया. शिक्षिका और संकुल समन्वयक स्मिता साहू के द्वारा बच्चों को अंतरिक्ष और अंतरिक्ष से जुड़े जानकारी सभी बच्चों को दिया गया।



### विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

#### प्रतियोगिता में भाग लेने से गुणों में विकासः प्रधानपाठक

प्रधान पाठक गिरधर लाल साहू द्वारा सभी बच्चों को कोरा कागज और कलर पेंसिल उपलब्ध कराया गया। उन्होंने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गया कि सभी बच्चे प्रतियोगिता में भाग लिया करें। इस प्रकार के प्रतियोगिता में भाग लेने से बहुत सारे गुणों का विकास होता है। अभिव्यक्ति और रचनात्मक गुणों में विकास होता है। सभी बच्चे आज बहुत ही खुश नजर आए।

## क्राइम : 9 लाख 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला

# केसीसी खाता से राशि निकालने वाला बैंक कर्मचारी को किया गया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

किसानों के केसीसी खातों से 9 लाख 50 हजार रूपये निकालकर धोखाधडी कर बैंक से अमानत में ख्यानत करने वाले तत्कालीक आईडीबीआई बैंक के सहायक प्रबंधक विकास भरती को बेमेतरा कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने अपने स्वयं के आईडी से बिना कोई वाउचर एवं बिना विड्राल फार्म के किसानों के केसीसी खातो से पैसे निकाले थे।

दरअसल विकास भरती आईडीबीआई बैंक भिलाई उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख के द्वारा अपने पदस्थापना के दौरान आडिट रिपोर्ट पर पता चला कि 25 अक्टूबर 2018 से 18 दिसम्बर 2018 तक तत्कालीक सहायक प्रबंधक आईडीबीआई बैंक शाखा बेमेतरा ललित कुमार डेहरी के द्वारा विभिन्न किसानों के केसीसी खातों से बिना कोई खाता धारक के जानकारी एवं बिना कोई चेक व बिना आहरण फार्म भरे 9,50,000 रुपए की राशि का आहरण कर धोखाधड़ी कर बैंक से अमानत में ख्यानत किया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 409, 420 कायम किया गया था। एसपी रामकृष्ण साहू ने मामले पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इसके उपरांत जांच में पुलिस ने आरोपी ललित कुमार डेहरी निवासी तालपटिया थाना व जिला झारसुगड़ा ओडिशा हाल हाउस नं. 63 थाना सिटी कोतवाली कालोनी न्यू चंगोराभांठा रायपुर से पूछताछ करने पर पता चला कि उसने अपने स्वयं के आईडी से बिना कोई वाउचर एवं बिना विड्राल फार्म के किसानों के केसीसी खातो से बैंक से कुल 9,50,000 रुपए का आहरण कर धोखाधड़ी किया है। पुलिस ने आरोपी ललित कुमार डेहरी पिता स्व. घासीराम डेहरी उम्र 37 साल को शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

उक्त कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा उप निरीक्षक राकेश साहू, सउनि ईतवारी डेहरे, सउनि जितेन्र्य कश्यप, आरक्षक राहुल यादव, शिव सेन, रामगोपाल निषाद एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# तरन्नुम में मेघों से बूंदे बरसाईं तो किसी ने भाई-बहन के सूत्र रक्षाबंधन पर गया गीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा में गोष्ठी आयोजित

साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था 'ऋचा' की अगस्त माह की गोष्ठी जिला मुख्यालय स्थित निजी रेस्टोरेंट के हॉल में आयोजित हुई।

गोष्ठी में सचिव नीता श्रीवास्तव ने माँ शारदे व स्व शांति यदु के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन हेतु आमंत्रित किया ब्रिगेडियर प्रदीप यदु डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, कल्पना यदु, मंजु यदु, दिनेश गौतम को। वीणापाणि की मधुर वंदना डॉ चितरंजन कर ने अपनी सधी हुई आवाज़ में प्रस्तुत की,कार्यक्रम का आगाज हुआ। मासिक प्रतिवेदन का पठन सचिव मीना शर्मा ने किया। आज की गोष्ठी अनूठे अंदाज में हुई, चूंकि इसी माह स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन, और फिर सावन भी अपने शबाब पर था। हर प्रस्तुति तरन्नुम में हुई, किसी ने मेघों से बूंदे बरसाईं तो कोई भाई-बहन के सूत्र रक्षाबंधन पर गीत गाया, कोई सावन गीत पर थिरका तो कोई देशभक्ति गाने पर झूम उठा। इन सभी साहित्यकारों की प्रतिभागी थे डॉ चित्तरंजन कर, माधुरी कर, के पी सक्सेना 'दूसरे', साधना सक्सेना, ईरा पंत, डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, डॉ कमल वर्मा, चंद्रकला त्रिपाठी, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजु यदु, कल्पना यदु, किरण लता वैद्य, प्रज्ञा त्रिवेदी ,दिनेश गौतम, डॉ जे के डागर, नीता श्रीवास्तव, नीलिमा मिश्रा, मीना शर्मा , दिलीप वरवंडकर आदि।दिनेश गौतम ने अतिथि देवो भवः की परिपाटी को बखूबी निभाया। इस माह ऋचा के दो सदस्य किरण लता वैद्य और दिलीप वरवंडकर का जन्मदिन था। केक काटकर पुष्पगुच्छ के साथ बधाइयाँ दी गई।

### भोरमदेव में की पूजा-अर्चना

गोष्ठी हर्षोल्लास से संपन्न होने पर ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम समापन के समापन की घोषणा की । गोष्ठी के पूर्व संस्था के सभी सदस्य भोरमदेव गए और वहाँ जाकर सभी ने पूजा अर्चना की ।

# नवागढ़ में बंद का रहा मिला-जुला असर

**नवागढ़।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बीते दिनों एससी एसटी वर्ग आरक्षण में वर्गीकरण को लेकर एवं क्रीमीलेयर लागू करने के विरोध में बुधवार को एससी एसटी वर्ग द्वारा नगर में विरोध प्रदर्शन किया गया।

जिसका नगर बंद का मिलाजुला असर देखने को मिला। एससी एवं एसटी समाज के नेता और प्रतिनिधियों ने नगर में एकत्रित होकर नारेबाजी की और रैली निकाली। बंद को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। बाजारों में कुछ दुकानें बंद रही, तो कुछ दुकानें खुली देखी गयी।

पुलिस सुरक्षा के बीच सड़कों पर बंद करो, बंद करो के नारे गूंजते रहे। सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों ने की बाजार में खुले प्रतिष्ठानों को बंद भी करवाया। वहीं लोगों से शांतिपूर्वक भारत बंद का समर्थन कर अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का आह्वान भी किया। कुल मिलाकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच भारत बंद का नवागढ़ में मिला-जुला असर नजर आया। विधानसभा नवागढ़ के एससी व एसटी समाज के सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एसडीएम नवागढ़ को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान विजय बघेल, तिलक घोष, संजीव पिंटू अनंत, रतन दिवाकर, सियाराम मंडावी, कमल सिंह नेताम, हर्ष बघेल, वात्सल्य गोयल, कमलेश मंडावी, अनिल, सुनील सुमित नेताम, दीपक ध्रुव, पंचराम ध्रुव, गौरव मंडावी, टिकेंद्र सिंह नेताम, विजय बघेल राजकुमार नेताम, गोविन्द मंडावी, सागर मरकाम, प्रकाश नेताम, प्रताप मंडावी, जीवन ध्रुव, कमलेश मरकाम आदि उपस्थित रहे।



# सड़क और दूषित पानी की सफाई से जूझ रहे है ग्राम खिसोरा के लोग

### जल निकासी की व्यवस्था चरमराने से हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/कोदवा

बेरला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खिसोरा में काफी अरसे से जल निकासी व्यवस्था चरमराई हुई है, जिसमें गाँव के बस्तियों का गंदा पानी बारह महीने पूरे सड़क पर बहता रहता है।

जिसके कारण सड़क पर चलना ग्रामीणों के लिए काफी मुश्किल भरा रहता है। लगातार नाली के पानी के बहाव के कारण सड़क पर कीचड़युक्त एवं फिसलनभरा हो चुका है जहां पर बस्ती के रहवासियों को बड़े ही सावधानीपूर्वक गुजरना पड़ता है। वही खास बात यह है कि यहां के गाँव के सरपंच भवानी साहू विगत दो कार्यकाल से पंचायत में सरपंच निर्वाचित होते आ रही हैं। जिसके बावजूद गाँव की सड़क-नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं का समाधान करने में नाकाम है। जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत प्रशासन को इस सम्बंध में तत्काल गम्भीरता लेकर गाँव मे बस्ती के नाली निकासी की बेहतर व्यवस्था करानी चाहिए ताकि गाँव मे बेहतर स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधा का शानदार नज़ारा देखने को मिले। इस सम्बंध में ग्राम पंचायत खिसोरा के सरपंच भवानी साहू ने कॉल नहीं उठाया। पंचायत सचिव दशरथ निर्मलकर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस लम्बित समस्या को लेकर एक प्रस्ताव पंचायत द्वारा पारित कर ज़लिा पंचायत भेजी गई है। जिसमें उक्त प्रभावित स्थल पक्की नाली कि माँग की गयी है। जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद तत्काल कार्य कराकर निकासी व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।



# अंधियारखोर में पुल और सड़क पर घुमंतू पशुओं ने जमाया डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/नवागढ़

■ राहगीर हो रहे हादसों का शिकार

नवागढ़ थाना इलाके अंतर्गत ग्राम अंधियारखोर (पड़कीडीह) में हॉफ नदी पर स्थित पुल पर रोजाना बेजुबान पशुओं का जमावड़ा देखने को मिल रहा है, जो सड़क मुसाफिरों सहित क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी स्थानीय समस्या बन हुआ है। बताया जा रहा है कि हरसाल बरसात के मौसम में इसी तरह गांव-परिक्षेत्र की मवेशी पुल के ऊपर पहुंचकर सड़क पर बैठ जाते है, जिससे सड़क पर गुज़रने के दौरान हादसा होने की संभावना बनी रहती है। हालांकि शासन-प्रशासन द्वारा लगातार सड़को पर मवेशी बैठने एवं पाए जाने पर जिम्मेदार प्रशासन पर सख्त कार्यवाही की हिदायत दी गयी है इसके बावजूद लगातार सड़को पर बेजुबान पशुओ का डेरा इन दिनों अंधियारखोर गाँव- परिक्षेत्र के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। वैसे तो इस सम्बंध में शासन-प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा एवं पशुओ के संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जाते है। इसके बावजूद दर्जनों की तादाद में सड़कों पर बेजुबान पशुओ का दिखना स्वभाविक है जिससे स्थानीय पंचायत प्रशासन की लापरवाही एवं निष्क्रियता झलकती है।



# सिंघौरी स्कूल में बच्चों ने मनाया राष्ट्रीय आंतरिक्ष दिवस

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के अनुसार भारत सरकार ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता को पर्व के रूप में मनाने हेतु हर वर्ष 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाने की घोषणा किया गया है। इस उपलक्ष्य में अगस्त माह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर 23 अगस्त 2024 को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समस्त शालाओं एवं समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मनाया जाना है। कार्यक्रम सभी स्तर के शालाओं में आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्यतम शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंघौरी में स्कूली बच्चों द्वारा चंद्रयान-3 का चित्र के माध्यम से प्रदर्शन एवं इस पर निबंध रचना और शिक्षकों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी बच्चों को चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग की वीडियो दिखाया गया। कक्षा आठवीं से हिना नेताम, हासनी वर्मा,रुपेश सोनी एवं हेमंत साहू ने बहुत ही शानदार चंद्रयान 3 का चित्र बनाएं। इस अवसर पर शाला में संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा,संकुल समन्वयक धनीराम बंजारे सहित सरस्वती साहू,आगेश्वरी साहू,राजेश्वरी ठाकुर,देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर एवं प्रशांत बघेल उपस्थित रहे।



## केवीके का गाजरघास उन्मूलन जागरुकता सप्ताह

# गाजर घास सेहत और फसल के लिए है हानिकारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ संपर्क मे आने पर होने वाले रोगों के बारे में भी बताया

कृषि विज्ञान केन्द्र बेमेतरा द्वारा ग्राम झाल में 16 अगस्त से 22 अगस्त तक गाजरघास उन्मूलन जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान केवीके के विशेषज्ञों डॉ. लव कुमार, डॉ. तृप्ति ठाकुर एवं डॉ. अखिलेश कुमार द्वारा किसानों, ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को गाजरघास के हानिकारक प्रभाव व उससे होने वाले रोगों के बारे में जानकारी देने जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्तोषण कुमार ठाकुर ने जानकारी दिया कि गाजरघास एक प्रकार का विदेशी मूल (मैक्सिको-अमेरिका) खरपतवार है। भारत में सर्वप्रथम यह पुणे महाराष्ट्र में वर्ष 1955 में दिखाई दिया था। ऐसा माना जाता है कि हमारे देश में इसका प्रकोप 1955 में अमेरिका अथवा कनाडा से आयात किये गये गेंहू के साथ हुआ है। परंतु अल्पकाल में ही यह गाजरघास पूरे देश में एक भीषण प्रकोप की तरह घुसपैठ कर चुकी है। इसकी पत्तियां गाजर की पत्तियों की तरह नजर आती है जिन पर सूक्ष्म रोयें लगे रहते है। प्रत्येक पौधा लगभग 10000-25000 अत्यंत सूक्ष्म बीज पैदा कर सकता है। बीजों की सुषुप्तावस्था नही होने के कारण बीज जमीन में गिरने के बाद नमी पाकर पुनः अंकुरित हो जाते है। गाजरघास का पौधा लगभग 3-4 माह में अपना जीवन चक्र पूर्ण कर लेता है। इस प्रकार यह एक वर्ष में 2-3 पीढ़ी पूरी कर लेता है एवं अकृषित, कृषि क्षेत्र, रेल लादन एवं सड़कों के किनारे बहुतायत मात्रा में हर मौसम में पायी जाती है। इसके बीज अत्यंत सूक्ष्म, हल्के और पंखदार होते है। सड़कों और रेलमार्गों पर होने वाले यातायात के कारण भी यह संपूर्ण भारत में आसानी से फैल गयी है। नदी नालों और सिंचाई के पानी के माध्यम से भी गाजरघास के सुक्ष्म बीज एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से पहुंच जाते है।




### जला देने से होती है नियंत्रित

इस खरपतवार को फूल आने से पहले हाथ से उखाड़कर इकट्ठा करके जला देने से इसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। शाकनाशियों के प्रयोग से इस खरपतवार का नियंत्रण आसानी से किया जा सकता है। इन शाकनाशी रासायनों में एट्राजिन, एलाक्लोर, डाईयूरान, मेट्रीब्यूजिन, 2,4-डी, ग्लाइफोसेट आदि प्रमुख है। किसान इसका उपयोग बहुत अच्छा कंपोस्ट बनाने में भी कर सकते है।

### त्वचा संबंधी होती है बीमारी

इस गाजरघास के लागातार संपर्क में आने से मनुष्यों में त्वचा संबंधी बीमारी जैसे डरमेटाइटिस, एक्जिमा तथा एलर्जी, बुखार (हे-फिवर), दमा आदि जैसी गंभीर बीमारियां हो जाती है। पशुओं के लिए यह गाजरघास अत्यधिक विषाक्त होता है। इसके खाने से पशुओं में अनेक प्रकार के रोग पैदा हो जाते है एवं दुधारू पशुओं के दूध में कड़वाहट के साथ दूध उत्पादन में भी कमी आने लगती है। इस खरपतवार के प्रकोप से फसलों की पैदावार में अत्यधिक कमी आती है। पौधे के रसायनिक विश्लेषण से ज्ञात हुआ है कि इसमें सेस्क्यूटरपिन लैक्टोन नामक विषाक्त पदार्थ पाया जाता है जो फसलों के अंकुरण एवं वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

